**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 19.05.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा के आदेश के क्रम मे जनपद में चलाया गया सघन बैंक चेकिंग अभियान, बैंक परिसर, बैंकों/एटीएम के आसपास की गई संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग।**

**विवरण-** श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उसके आसपास के क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी आदि को नियंत्रित करने के लिए आज दिनांक 19.05.2025 को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों आदि को चेक किया गया। साथ ही जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों आदि को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं सीसीटीवी कैमरों को 24 घण्टे चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। बैंक सुरक्षा गार्डों को भी निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम/बैंकों/वित्तीय संस्थानों आदि के आसपास संदिग्ध रुप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे दोपहिया व चारपहिया वाहनों की भी चेकिंग की गई विशेषकर बैंक संस्थानों, एटीएम और वित्तीय संस्थानों के आस पास मुंह ढके, हेलमेट लगाए आदि अनावश्यक रुप से गाड़ी पर/गाड़ी में बैठे व्यक्तियों को चेक कर कड़ी चेतावनी दी गई।